# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
# सम्पदा कार्यालय

सं0 ई0ओ0 / भा.प्रौ.सं.का. / 2017–18 / 1131 दिनॉकः 05.03.2018

## निविदा सूचना (सं0 26 / 2017–18)

सम्पदा अधिकारी, भा.प्रौ.सं.का., संचालक मण्डल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये योग्य एवं पंजीकृत ठेकेदारों को सूचीबद्ध करने लिये निविदा आंमत्रित करते है।

| क्रम सं0 | विवरण | पक्ष मे देय | धरोहर राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संस्थान के संकाय भवन एवं परिसर वासियों का घरेलू उपयोग किया गया सामान, रद्दी कबाड़ इत्यादि के क्रय करने हेतु। | ''रजिस्ट्रार, भा.प्रौ.सं., कानपुर'' | रू0 25,000 / – | 02 वर्ष |

निविदादाता द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए मुहरबंद निविदा प्रपत्र को संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 03.04.2018 को पूर्वान्ह 11:50 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाऍ उसी दिन अर्थात दिनांक 03.04.2018 को पूर्वान्ह 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष कक्ष संख्या 101–बी, संकाय भवन, आई.आई.टी. कानपुर में खोली जाएंगी। निविदादाता या अधिकृत प्रतिनिधि, निविदा समिति के समक्ष (रद्दी व कबाड़ की खरीद की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने के लिए) उपस्थित रहेंगे। तकनीकी रूप से योग्य निविदाओं की वित्तीय बोलियॅा 03.04.2018 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जाएंगी।

तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली (अनुलग्नक–1) को पृथक–पृथक लिफाफे में रखा जाना चाहिए। वित्तीय बोली वाले लिफाफे के ऊपर रद्दी–कबाड़ खरीद के लिये वित्तीय बोली लिखा होना चाहिए। यदि तकनीकी और वित्तीय बोली एक ही लिफाफे में पाये गए तो उस निविदा को खारिज कर दिया जायेगा।

निविदा प्रपत्र संस्थान के सम्पदा कार्यालय से दिनांक 03.04.2018 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट http://www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संस्थान को किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार है।

– ह0 –
**प्रभारी (सम्पदा कार्यालय)**

**पात्रता सम्बन्धी शर्तें :–**

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षों से यह कार्य कर रहा हो।
2. रद्दी–कबाड़ खरीद कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र/घोषणा पत्र ¼अनुलग्नक–2½

**निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नकः**

1. आधार कार्ड की प्रति
2. अनुभव प्रमाण पत्र
3. पिछले एक साल का बैंक विवरण
4. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर
5. फर्म की दशा में पंजीकरण प्रमाण पत्र
6. अन्य वैधानिक पंजीकरण/लाइसेंस, यदि कोई हो।

# निविदा की नियम व शर्ते

आंवटन तिथि से एक वर्ष के लिए संस्थान परिसर से पुराने हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पत्रिकाएं, खाली शीशियां, टीन के डिब्बे व अन्य विविध घरेलू सामान के ठेका हेतु निविदा के नियम व शर्तें लागू होगी।

1. अनुमति पत्र धारक को पुराने समाचार पत्र, टिन, बोतलें, डालडा के डिब्बे, पुरानी घरेलू सामग्री या अन्य वस्तुएं निवासियों या छात्रावास आदि से खरीदने का अधिकार होगा।
2. अनुज्ञप्ति धारक को यह अधिकार होगा कि वह इस तरह की खरीद स्वयं करें या उसके द्वारा लिखितरूप में अधिकार प्राप्त प्रतिनिधि करे। अनुज्ञप्ति धारक सभी प्रकार की सामग्री की खरीद के लिए केवल मात्र पॉच व्यक्ति ही नामांकन कर सकता हैं। सस्थान के संपदा कार्यालय से उसके लिए प्रवेश पत्र जारी कराना उनका अपना अनिवार्य दायित्व है।
3. अनुज्ञप्ति धारक या उसके अधिकार प्राप्त प्रतिनिधि को सप्ताह के सभी दिनों में केवल प्रातः 9:00 बजे से सॉय 7:00 बजे तक ही कैम्पस परिधि में प्रवेश का अधिकार होगा।
4. संस्थान के पास किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
5. संविदा को उसकी अवधि के बीच में किसी भी समय बगैर किसी कारण बताये रद्द किया जा सकता है। यदि अनुज्ञप्ति धारक में किसी भी प्रकार का दोष पाया जाता है तो जमा की गई सम्पूर्ण धनराशि जब्त कर ली जायेगी और संस्थान को अधिकार होगा कि वह किसी अन्य व्यक्ति हो अनुज्ञप्ति पत्र प्रदान कर दें।
6. अनुज्ञप्ति धारक द्वारा नियम एवं शर्तों का उल्लघन करने पर जैसे उचित मूल्य न देना, तौलने में हेराफेरी करना या चोरी इत्यादि का दोषी पाया जाता है तो ऐसी दशा में अनुज्ञप्ति को रद्द कर सम्पूर्ण धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी और संस्थान को अधिकार होगा की वह किसी अन्य व्यक्ति को अनुज्ञप्ति प्रदान कर दे। किसी भी वाद में संस्थान निदेशक का निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
7. अनुज्ञप्ति धारक बांट एवं तौल नियंत्रक द्वारा अनुमोदित मानक वाले बांट ही खरीद के लिए सदैव प्रयोग करेगा।
8. तौल के लिए प्रमाणित बनावट के तौल उपकरण का ही उपयोग किया जाएगा।
9. तौल के लिए तौल उपकरण व बांट अनुज्ञप्ति धारक को स्वंय लाना होगा।
10. कैम्पस निवासियों से खरीद के समय ठेले पर अनुमोदित दरें सुचारू रूप से प्रदर्शित रहना चाहिए। प्रत्येक ठेलिया चालक को रू. 250/– प्रतिवर्ष के हिसाब से निर्धारित 'पास' बनवाना होगा।
11. अनुज्ञप्ति धारक अनुज्ञप्ति में दी गई निर्धारित दरों पर ही खरीद करेगा।
12. अनुज्ञप्ति धारक कैम्पस के अन्दर कोई सामान या वस्तुएं नहीं रख सकेगा और न ही उसे कैम्पस में किसी भी प्रकार के भण्डारण करने की छूट होगी। यद्यपि सारे दिन में खरीदा गया रद्दी /कबाड़ को संस्थान में एक जगह इकट्ठा करने हेतु स्थान निर्धारित किया जायेगा जिसके बावत् उसे **प्रतिमाह 7 तारीख** तक **रू0 1,000/–** अनुज्ञा शुल्क के रूप में संस्थान को भुगतान करना होगा एवं शाम को समस्त कबाड़ संस्थान से बाहर ले जाना होगा।
13. किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा मात्र कानपुर न्यायालय के अधिकार क्षेत्र तक ही सीमित होगा।
14. निविदा की स्वीकृति के सम्बन्ध में निर्णय सामग्री तथा वस्तुओं की अधिकतम दरों के आधार पर लिया जायेगा।

15. निविदा की दरे अंको एवं शब्दों में साफ साफ लिखना अनिवार्य है।
16. पुस्तकालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं जे0 ई0 ई0 आफिस के रद्दी व कबाड़ को ले जाने से पूर्व तौल के हिसाब से धनराशि जमा करना अनिवार्य है तथा उसके पश्चात् ही सामान को बाहर लें जाने की अनुमति प्रदान की जायेगीं।
17. निविदादाता उपरोक्त सभी नियम व शर्तों को ध्यान में रखकर निविदा भरेगा किसी भी प्रकार की त्रुटि एवं अपूर्ण निविदा के लिए संस्थान प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा। निविदादाता इस व्यवहारिक त्रुटि के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।
18. अवयस्क व्यक्ति निविदा देने का पात्र नहीं होगा एवं ऐसी सभी निविदायें प्रारम्भ से ही अमान्य समझी जायेंगी तथा ऐसी अवस्था में सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
19. निविदादाता को एवं उसके कर्मचारियों को केवल आई0 आई0 टी0 मेन गेट से सामान ले जाने की स्वीकृति दी जायेगी। बारासिरोही, नानकारी या किसी भी अन्य गेट से सामान ले जाने की अनुमति नही दी जायेगी।
20. संविदा मिलने पर संस्थान द्वारा लिये गये सभी निर्णय मुझे पूर्णतया मान्य होगे तथा मै साधारतया उस विषय में किसी भी प्रकार की आपत्ति उठाने के लिये अधिकृत नही होउंगा।

यदि किसी निविदा धारक को निविदा आबंटित करने के तदुपरान्त संस्थान के संज्ञान में यह आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार पात्रता से सम्बन्धित शर्तों को पूरा नही करता है तो निविदा आंबटन को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के साथ ही जमा शुल्क को भी जब्त कर लिया जायेगा।

— ह0 —

**(मनोज कुमार)**
**सहायक कुलसचिव एवं**
**प्रभारी सम्पदा कार्यालय**

मैने उपरोक्त सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है।

निविदा देने की तारीख :

fufonknkrk dh
Nk;kifr

**हस्ताक्षर**
निविदादाता का पूरा नाम व पता
(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)
एवं पंजीकरण संख्या

..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................

प्रभारी, सम्पदा कार्यालय
भा0 प्रौ0 सं0, कानपुर।

विषय :– **रद्दी कबाड़ का ठेका दो वर्षों के लिये नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र।**

महोदय,

मै आपकी निविदा सूचना सं0 ई0ओ0/भा.प्रौ.सं.का./2017–18/ दिनॉक 05.03.2018 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूॅ।

नाम : ..........................................................................................
पिता का नाम : ..........................................................................................
जन्मतिथि : ..........................................................................................
पूरा पता : ..........................................................................................

..........................................................................................

क्या आपने रू0 25,000/– का एफ.डी.आर. संपदा कार्यालय में धरोहर राशि के रूप मे जमा कर दी हैः हॉ/नही

यदि हॉ तो दिनॉक ................................... एफ.डी.आर. संख्या ..................................................
बैंक का नाम ..........................................................................................................................

मैने निविदा सम्बन्धी सभी नियम व शर्ते पढ़ ली है तथा वे सभी जिसमें निविदाओं की अस्वीकृति भी सम्मिलित है मान्य है।

**हस्ताक्षर निविदाकर्ता**
पूरा नाम एवं पता (पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)
..........................................................................................................................
..........................................................................................................................

अनुलग्नक–1
¼एक अलग लिफाफे में बन्द किया जाये½

## वित्तीय बोली ¼Financial Bid½

सेवा में,
प्रभारी, सम्पदा अधिकारी
भा0 प्रौ0 सं0, कानपुर।

विषय :– संस्थान के संकाय भवन एवं परिसर वासियों का घरेलू उपयोग किया हुआ सामान, रद्दी कबाड़ इत्यादि के खरीद करने हेतु।

महोदय,

मैने आपकी निविदा संख्या ई0ओ0 / भा0प्रौ0सं0का0 / 2017–18 / दिनांक ................के सम्बन्ध में आपकी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हॅू जोकि निम्नलिखित हैः

## माप सर्वाधिक मूल्य दर जो निविदादाता देने को तैयार है

| क0 | विवरण | तौल | रू0 | पै0 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | समाचार पत्र अंग्रेजी | प्रति किलोग्राम | | |
| 02 | समाचार पत्र हिन्दी | प्रति किलोग्राम | | |
| 03 | हिन्दी अंग्रेजी पुस्तिकाएं | प्रति किलोग्राम | | |
| 04 | जेईई / गेट विभाग की विवरण पुस्तिकाएं एवं अन्य | प्रति किलोग्राम | | |
| 05 | बच्चों की कॉपी किताबें | प्रति किलोग्राम | | |
| 06 | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (प्रति किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 07 | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (दो किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 08 | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (पांच किलोग्राम) तेल / घी पात्र प्लास्टिक (पन्द्रह किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 09 | तेल / घी पात्र टिन (प्रति किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 10 | तेल / घी पात्र टिन (दो किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 11 | तेल / घी पात्र टिन (पांच किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 12 | तेल / घी पात्र टिन (सोलह किलोग्राम) | प्रति नग | | |
| 13 | जूट का बोरा | प्रति किलो ग्रेड ए | | |
| 14 | जूट का बोरा | प्रति किलो ग्रेड बी | | |
| 15 | जूट का बोरा | प्रति किलो ग्रेड सी | | |
| 16 | कांच की बोतल | प्रति किलोग्राम | | |
| 17 | प्लास्टिक की बोतल | प्रति किलोग्राम | | |
| 18 | प्लास्टिक का अन्य सामान | प्रति किलोग्राम | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | लोहा / सरिया | प्रति किलोग्राम | | |
| 20 | कूलर बाडी | प्रति किलोग्राम | | |
| 21 | अन्य सामान | प्रति किलोग्राम | | |

**दिनांकः**

**हस्ताक्षर**

पूरा नाम एवं पता (पिन कोड एवं फोन / मोबाइल नं0 सहित) एवं पंजीकरण संख्या

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................